राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 02, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 176 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**ब्रीफ खबरें**

### कोयला चोरी के आरोपों की जाँच करे सीबीआई : हाईकोर्ट

**रांची:** धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच का आदेश झारखंड हाईकोर्ट ने दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया और इस मामले में प्रतिवादी बने सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच करने का निर्देश सीबीआई को दिया है. इस मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने 27 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था.

### टुंडी में मजदूर की संदेहास्पद हालत में मौत

**टुंडी:** टुंडी थाना क्षेत्र के बहेड़ा गांव के एक प्रवासी मजदूर की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है. मौत की खबर से गांव में मातम पसरा हुआ है. बहेड़ा गांव के विकास महतो उम्र 26 वर्ष 12 सितंबर को टेंट बनाने के काम के लिए गांव के ही फागु मंडल ने लेकर गुजरात के सूरत शहर लेकर गया था. एक सप्ताह पहले उसकी तबीयत बिगड़ी थी. जिसे अस्पताल में इलाज के बाद उसे डेरा लेकर आया था लेकिन अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी व रात को उसकी मौत हो गई. मृतक के स्वजनों ने संदेहास्पद मौत की बात कर रहे हैं. मृतक की लाश शुक्रवार को टुंडी बेहड़ा गांव लाया जाएगा व अंतिम संस्कार किया जाएगा.

### वृद्धा के साथ मारपीट थाने में प्राथमिकी

**टुंडी :** मनियाडीह थाना अंतर्गत जीतपुर पंचायत के परसबनी गांव निवासी पर्वत महतो अपने छोटे बेटे दुलाल महतो के साथ मिलकर अपने बड़े बेटे स्व.अमित महतो की विधवा पत्नी उषा देवी, उनकी मां लुखरी महताइन समधीन पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है. बताया जाता है कि लुखरी महताइन अपने समधी से पूछने गई थी कि उसकी बेटी को प्रताड़ित क्यों किया जाता है. उसके पति के हिस्से का जायदाद से भी बेदखल किया जा रहा है जो गलत है. इसी बात पर वृद्ध महिला 70 वर्षीय लुखरी महताइन पर जानलेवा हमला कर दिया गया.

### बाउरी समाज ने निकाला कैंडल मार्च

**निरसा बाजार।** निरसा पुलिस के खिलाफ गुरुवार की शाम पंडरा गांव के ग्रामीणों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला. ग्रामीणों का आरोप है कि एक माह पूर्व पांडरा के बाउरी टोला निवासी रोहित बाउरी नामक युवक की हत्या की गई थी. हत्या का आरोप सोमनाथ कुंभकार और दयामय कुंभकार पर लगाया गया था. घटना के एक माह बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक दोनों आरोपियों को पकड़ नही पायी है. आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं. ग्रामीण पंडरा गांव से कैंडल मार्च निकाल कर निरसा चौक पहुंचे और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जमकर नारेबाजी की. कैंडल मार्च में सुमन्तो बाउरी, रंजीत बाउरी, वंदना बाउरी, शंकर बाउरी समेत बाउरी समाज के दर्जनों लोग शामिल हुए.

---

ग्रामीणों की लिखित शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं, विधानसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार का एलान

## ओबी डंप से दामोदर नदी किनारे लगे 3900 पौधे खत्म

- नदी के अस्तित्व पर संकट
- वन विभाग ने लगाए थे 12 लाख के पौधे

रनजीत कुमारसिंह





**धनबाद।** बीसीसीएल के भौरा इजे एरिया अंतर्गत चल रहे 4 ए पेच आउट सोर्सिंग द्वारा लगातार नदी किनारे ओबी डंप करने से दामोदर नदी का अस्तित्व खतरे में है. पर्यावरण व नदी के संरक्षण के मकसद से वन विभाग द्वारा लगाए गए करीब चार पौधे भी नष्ट हो गए. मामले की लिखित शिकायत जहाजटांड़ के ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन, जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को लिखित तौर पर दी बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई. इससे जहाजटांड़ के ग्रामीणों में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के प्रति काफी आक्रोश है. ग्रामीणों ने यहां तक कह दिया है अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो विधानसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे.


राजेश महतो

स्थानीय ग्रामीण राजेश महतो ने बताया कि आउट सोर्सिंग प्रबंधन द्वारा नदी से सटे इलाके में ओबी डंप करने के कारण बड़े- बड़े चट्टान व धूलकण आदि सीधे नदी में गिर रहा है. प्रबंधन की इस मनमानी के कारण दामोदर नदी का पानी पूरी तरह प्रदूषित हो गया है. नदी का अस्तित्व पर भी खतरा मंडराता दिख रहा है. यही नहीं वन विभाग द्वारा लगभग 12 लाख की लागत से लगाए गए 3900 पौधे भी पूरी तरह नष्ट हो गया है. उन्होंने कहा कि ओबी डंप से मानव जीवन को भी खतरा है क्योंकि जिस जगह ओबी डंप किया जा रहा है. वहां घाट होने के कारण प्रतिदिन ग्रामीणों का आना-जाना होता है. जिससे कभी भी कोई अनहोनी घटना घट सकती है.जिसकी जवाबदेही बीसीसीएल प्रबंधन,जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की होगी.


मुंशी तुरी

वहीं मुंशी तुरी ने कहा कि आउट सोर्सिंग प्रबंधन की मनमानी का नतीजा जीव जंतु के साथ साथ जहाजटांड़ के ग्रामीणों को भी भुगतना पड़ेगा .क्योंकि नदी का पानी पूरी तरह दूषित हो गया है. इसे पीने से लोगों को गम्भीर बीमारियां भी हो सकती है .उन्होंने कहा अगर जल्द ओबी डंप नही रोका गया तो जहाजटांड़ के ग्रामीण विधानसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे.

### किसके दबाव पर झमाडा ने कराया मुकदमा : यादव

**झरिया।** झरिया धर्मशाला रोड स्थित पुराना अग्रवाल धर्मशाला में गुरुवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा नेता उमेश यादव ने कहा, पुराने पाइपलाइन और मोटर को बदलवाने की बात करने वाली झरिया विधायक द्वारा पूरे पांच सालों तक जनता को पानी के लिए जद्दोजहद कराया। यादव ने आगे कहा, ?पिछले कुछ दिनों पूर्व भौरा के दो युवकों को वॉल्ब में छेड़-छाड़ करने के आरोप में कुछ लोगों ने पकड़ा था, जिसे भौरा पुलिस ने जांच पड़ताल कर छोड़ दिया था। बावजूद इसके झामड़ा के अधिकारी ने दूसरे दिन फिर से जोड़ापोखर में मामले की शिकायत दर्ज कराई। जब इस बात की जानकारी झमाड़ा के अधिकारी से ली गई, उन्होंने कहा कि उपर से दबाव है। अब तो झमाड़ा के अधिकारी ही बताएंगे कि किस उपर वाले के इशारे पर मामला दर्ज कराया गया था।

---

## जयराम ने की डुमरी से चुनाव लड़ने की घोषणा

### छह विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशी भी घोषित

**खास बातें**
- दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे जयराम
- घुसपैठियों से झारखंड के जनजातियों को खतरा

संवाददाता। धनबाद

जहां एक तरफ भाजपा, कांग्रेस, झामुमो जैसी बड़ी पार्टियां उम्मीदवारों के नाम को लेकर मंथन ही कर रही हैं, वहीं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो जयराम महतो ने डुमरी विधानसभा से खुद चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी. धनबाद परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में जयराम ने झारखंड की छह विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा की. जिसमें डुमरी से जयराम महतो, जमुआ से रोहित कुमार दास, राजमहल से मोतीलाल सरकार, तमाड़ से दयमंती मुंडा, सरायकेला से प्रेम मार्डी एवं छतरपुर से प्रीति राज के नाम हैं. इसके साथ ही जयराम ने कहा कि वह दो विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे. दूसरे क्षेत्र की घोषणा आचार संहिता लागू होने से पहले कर दी जाएगी. डुमरी के अलावा बेरमो, मांडू, टुंडी एवं बाघमारा उनकी पसंद है. इन चार में से किसी एक विधानसभा से भी जयराम चुनाव लड़ेंगे. जयराम ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अबतक 69 आवेदन मिले हैं. पार्टी की कोशिश है कि झारखंड की 81 सीटों पर चुनाव लड़े. फिलहाल उन्होंने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर की सभी 25 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे. इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्र में रायशुमारी की जा रही हैं. वर्तमान में 11 सदस्यों की टीम कोल्हान की सभी सीटों के लिए रायशुमारी कर रही है.



### राज्य के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगा मोर्चा

जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी राज्य के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी. खतियान के आधार पर स्थानीय नीति बनाने से लेकर, स्थानीय नियोजन नीति, विस्थापन आदि मुख्य मुद्दे रहेंगे. इसके साथ ही बांग्लादेशी घुसपैठिए भी चुनाव में मुख्य मुद्दा रहेगा. उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों से झारखंड की जनजातियों को खतरा है. जयराम ने कहा कि राज्य के पिछड़ों, दबे कुचले वर्ग के लोगों के लिए उन्होंने जो लड़ाई शुरू की थी, वह आगे भी जारी रहेगी. जाति समीकरण को लेकर उन्होंने कहा कि वह हर जाति को साथ लेकर चलेंगे. उनकी सात सदस्यीय संसदीय बोर्ड में सवर्ण, ओबीसी, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्गों के लोग मौजूद हैं. बड़ी पार्टियों के साथ जाने के सवाल पर जयराम ने कहा कि उनसे सभी बड़ी पार्टियों ने संपर्क किया है लेकिन इस विधानसभा चुनाव में वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगे. चुनाव के नतीजे आने के बाद आगे की रणनीति पर विचार होगा.

**निरसा, सिन्दरी के झामुमो नेता भी संपर्क में**

निरसा और सिन्दरी विधानसभा के कुछ झामुमो नेता ने जयराम महतो से टिकट के लिए संपर्क किया है. यह बात प्रेस वार्ता के दौरान जयराम ने कही. झामुमो नेताओं के जेएलकेएम का फॉर्म खरीदने का खुलासा सबसे पहले शुभम संदेश अखबार ने किया था, जिसपर जयराम ने खुद मुहर लगा दिया. मासस के भाकपा माले में विलय के बाद निरसा और सिन्दरी विधानसभा सीट पर माले की दावेदारी मजबूत हो गई है. ऐसे में चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले झामुमो नेता अपनी जमीन खिसकती हुई भांप कर जेएलकेएम का फॉर्म खरीद कर चुप्पी साधे हुए हैं.

---

## बाबूलाल मरांडी ने कराया तीन विधानसभा में सर्वे

### सेफ सीट की तलाश में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता। धनबाद

विधानसभा चुनाव 2024 का बिगुल दुर्गापूजा के बाद बजने की पूरी संभावना है. ऐसे में भाजपा और उसके नेता अपनी जीत में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने लिए इस बार सेफ सीट की तलाश कर रहे हैं. भाजपा सूत्रों के अनुसार उन्होंने दिल्ली की एक एजेंसी से तीन विधानसभा क्षेत्र में सर्वे कराया है. अपनी जीत सुनिश्चित देख कर ही वह उस सीट से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी को प्रस्ताव भेजेंगे. सूत्रों के अनुसार उन्होंने मनिका, राजधनवार के साथ तमाड़ विधानसभा में सर्वे कराया है. एजेंसी द्वारा दिये रिपोर्ट का खुलासा तो नहीं हो सका लेकिन तमाड़ सीट पर उन्हें हार बताई गई है. ऐसी हालत में बाबूलाल मरांडी मनिका या राजधनवार में से एक सीट से चुनाव लड़ेंगे.

### 34 विस सीट की सूची केंद्र को भेजी गई

34 विधानसभा सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों की सूची प्रदेश प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसदीय बोर्ड को भेज दी है. भाजपा सूत्रों के अनुसार शिवराज सिंह ने झारखंड के 34 विधानसभा सीटों से संभावित उम्मीदवारों की सूची भाजपा संसदीय बोर्ड को भेज दिया है. जिसपर अंतिम मुहर बोर्ड की बैठक के बाद लगेगी. इन 38 सीटों में से कुछ सीटों के लिए संभावित एक नाम तो कई सीटों के लिए दो नाम सुझाए गए हैं. जिनमें से एक पर संसदीय बोर्ड को फैसला लेना है. सूत्र बताते हैं कि भाजपा अपनी पहली सूची दुर्गापूजा के दौरान ही जारी कर देगी. जिससे प्रत्याशियों को जनसंपर्क के लिए ज्यादा से ज्यादा समय मिल सके. जानकारी के अनुसार जिन विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों की सूची भेजी गई है. उनमें मनिका, दुमका, शिकारीपाड़ा, जामताड़ा, जामा, बेरमो, टुंडी, झरिया, धनबाद, बाघमारा, खूंटी, सरायकेला, जगन्नाथपुर, सिसई, घाटशिला, गुमला, राजमहल, गोड्डा, भवनाथपुर, गिरिडीह, बोकारो, चंदनकियारी, बरही, बरकट्ठा, नाला, पोड़ैयाहाट, सिन्दरी, लातेहार, मधुपुर, देवघर, गांडेय, जमुआ, सारठ एवं निरसा शामिल हैं.

**धनबाद जिले में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं**

भाजपा सूत्रों के अनुसार धनबाद जिले के छह विधानसभा सीटों पर ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है. सूत्रों की माने तो केंद्र को भेजी गई सूची में धनबाद विधानसभा से वर्तमान विधायक राज सिन्हा एवं पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल का नाम शामिल हैं. वहीं झरिया से रागिनी सिंह, सिन्दरी से तारा देवी एवं धर्मजीत सिंह, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता एवं गणेश मिश्रा, बाघमारा से शेखर सिंह एवं शत्रुघ्न महतो के नाम शामिल हैं.

---

### गुलगुलिया विद्यालय की शाखा खोली जाएगी: अनिल पांडेय

**धनबाद:** प्रत्येक झोपड़ीनुमा घर में गुलगुलिया विद्यालय की शाखा योजना का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गुलगुलिया विद्यालय के संस्थापक अनिल पाण्डेय ने कहा कि गुलगुलिया समुदाय के वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाले स्कूल गुलगुलिया विद्यालय को असामाजिक तत्वों ने ध्वस्त कर दिया है । यह विद्यालय झरिया गुलगुलिया बस्ती में स्थित है। गुलगुलिया समुदाय के प्रत्येक घर में गुलगुलिया विद्यालय की शाखा खोली जाएगी। आज गुलगुलिया बस्ती झरिया में प्रथम शाखा खोली गई। इस योजना के तहत संबंधित बच्चों को शिक्षा संबंधित सारी सुविधाएं गुलगुलिया विद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### हिमाचल प्रदेश डीजीपी वर्मा ने जवानों को दिया मोबाइल टॉयलेट

- ओपन जिम बनाने की घोषणा

संवाददाता। धनबाद

हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डॉ अतुल वर्मा ने गुरुवार को धनबाद पुलिस केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम के तहत डॉ पीएन वर्मा फाउंडेशन के सौजन्य से मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराया. उन्होंने जवानों की कठिनाईयों को देखते हुए एक मोबाइल टॉयलेट सहयोग के रूप में दिया ताकि विशेष परिस्थिति में बाहर ड्यूटी के दौरान किसी जवान को कठिनाई का सामना न करना पड़े. कहा कि जरूरत के मद्देनजर जल्द ही कई और मोबाइल टॉयलेट जवानों के लिए उपलब्ध कराये जाएंगे. डॉ अतुल वर्मा ने पुलिस जवानों को सेहतमंद रहने को कहा ताकि सभी जवान तत्परता के साथ जनता की सुरक्षा व सेवा कर सके. जवानों की सेहत को बेहतर बनाने की दिशा में पहल करते हुए ने डॉ पीएन वर्मा फाउंडेशन के सौजन्य पुलिस केंद्र में एक ओपन जिम बनाने की भी घोषणा की ताकि सभी जवान व्यायाम के जरिए खुद को फिट रख सके.मौके पर मौजूद एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने डॉ अतुल वर्मा का इस सहयोग के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि पुलिस जवानों की समस्याओं को देखते हुए सुविधा के लिए भविष्य में और भी बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी.

### खनन टास्क फोर्स ने गोविंदपुर के 2 हार्ड कोक भट्ठों में की औचक जांच

- भट्ठों में मिला 3500 टन कच्चा कोयला व 400 टन हार्ड कोक

**धनबाद ।** जिला खनन टास्क फोर्स ने अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कापासरा, रतनपुर स्थित अलका इस्पात प्राइवेट लिमिटेड तथा देवली, जंगलपुर स्थित केशव कोक इंडस्ट्रीज में औचक जांच की. इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त दोनों हार्ड कोक भट्ठों में औचक जांच की गई. जांच के क्रम में गणेश कुमार अग्रवाल के अलका इस्पात प्राइवेट लिमिटेड में लगभग 1500 टन कच्चा कोयला मिला. टीम ने उसके मुंशी सोनू अग्रवाल को कोयले से संबंधित परिवहन चालान, लाइसेंस, सीटीओ तथा अन्य कागजातों की मांग की. परंतु मुंशी कागजात दिखाने में असमर्थ रहा. दूसरी कड़ी में टीम ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र के देवली, जंगलपुर में उमंग कुमार गुप्ता, पिता हेमंत गुप्ता के केशव कोक इंडस्ट्रीज में औचक जांच की. जांच के क्रम में यहां लगभग 2000 टन कच्चा कोयला एवं 400 टन हार्ड कोक मिला.

---

**समारोह** प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत विकास के प्रमुख संकेतकों में एक : प्रो. सुकुमार मिश्रा

## आईआईटी आईएसएम में आईडीसी के छात्र चैप्टर का उद्घाटन

**खास बातें**
- ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और स्थायी विकास को बढ़ावा
- आईएडीसी के इतिहास और गतिविधियों पर भी हुई चर्चा

संवाददाता। धनबाद




**आईएडीसी के साथ मिलकर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और स्थायी विकास पर चर्चा**

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में गुरुवार को इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ ड्रिलिंग कॉन्ट्रैक्टर्स (आईएडीसी) के छात्र चैप्टर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर देश और विदेश के विशेषज्ञों ने प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में वृद्धि और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के बीच संतुलन पर चर्चा की.आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत विकास के प्रमुख संकेतकों में से एक है. हमें इसे स्थाई तरीके से करना होगा ताकि यह हमारी अगली पीढ़ी को प्रभावित न करे. हमें ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और स्थाई विकास पर ध्यान देना होगा. इस समारोह में आईएडीसी के इतिहास और गतिविधियों पर भी चर्चा हुई. यह आयोजन ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और स्थाई विकास पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करता है. आईआईटी आईएसएम के छात्रों को आईएडीसी के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे वे ऊर्जा क्षेत्र में अपने करियर को आगे बढ़ा सकें. समारोह के अंत में आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने धन्यवाद दिया और कहा कि हमें उम्मीद है कि आईएडीसी के साथ यह सहयोग ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और स्थायी विकास को बढ़ावा देगा. वहीं डेनमार्क के आईएडीसी क्षेत्रीय निदेशक लार्स जॉर्जेनसन ने बताया कि आईएडीसी दुनिया भर में ड्रिलिंग उद्योग के लिए एक व्यापार संगठन है, जिसमें 800 कंपनियां हैं. आईएडीसी का उद्देश्य ड्रिलिंग उद्योग में नवाचार और सुरक्षा को बढ़ावा देना है. इस अवसर पर ओपी सिंह, नीलाद्री मित्रा और अरुण कार्ले ने भी अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की.

## शहाबुद्दीन हत्याकांड में प्रिंस-गोपी समेत चार के खिलाफ शिकायत

### प्रिंस के पिता नासिर व बहनोई चिंकू के खिलाफ साजिश का आरोप

- शहाबुद्दीन के मोबाइल में कॉल कर रंगदारी मांगने की बात कही

संवाददाता। धनबाद

वासेपुर के जमीन कारोबारी शहाबुद्दीन हत्याकांड में प्रिंस खान, उसके भाई गोपी खान समेत चार के खिलाफ धनबाद थाने में शिकायत की है. इस मामले में प्रिंस के पिता नासिर खान और बहनोई चिंकू खान के खिलाफ भी आरोप लगाया गया है. मामले की शिकायत करते हुए शहाबुद्दीन सिद्दीकी के भाई मोइनुद्दीन अहमद ने कहा है कि भाई शहाबुद्दीन झरिया अपनी कार से गया था. उनके साथ उनका चालक सह भतीजा शेख गुलाब था. वापस लौटने के बाद नवाडीह में कार्यालय के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी. वारदात को अंजाम देकर तीनों अपराधी वहां से भाग गए. आरोप लगाया है कि इस वारदात के पीछे प्रिंस खान, उसके भाई गोपी खान ने फोन कर रंगदारी मांगी थी. वाट्सअप कॉल भी किया था. उन्होंने इस वारदात में प्रिंस खान के पिता नासिर खान और बहनोई चिंकू खान को भी साजिशकर्ता बताया है. पुलिस शिकायत के बाद अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है.

**चालक को साथ लेकर झरिया से लेकर घटनास्थल तक का निरीक्षण :** शहाबुददीन हत्याकांड में पुलिस ने अनुसंधान के दौरान गुरुवार को वारदात के दिन की पूरी डिटेल जानकारी ली. यहां तक कि शहाबुद्दीन के भतीजे सह चालक गुलाब को पांडरपाला से लेकर झरिया गई. इसके बाद शहाबुद्दीन की हर गतिविधि को दुबारा से करने को कहा गया. यहां तक कि फिर उसे पुलिस घटनास्थल तक भी ले आकर पहुंची. हत्या की वारदात कैसे हुई, शूटर किधर से आए, किधर गए और अन्य सारी बातों को देखा गया. इसके बाद पुलिस ने उससे कई अन्य जानकारी भी ली है.

**चालक का कॉल लॉग था डिलीट:** वारदात के दिन शहाबुद्दीन के साथ मौजूद उनके चालक सह भतीजे के मोबाइल की भी पुलिस ने जांच पड़ताल की है. सूत्रों की मानें तो वारदात के दिन का मोबाइल का कॉल लॉग यानि आने-जाने सारे कॉल डिलीट थे. इस बारे में पुलिस गुलाग से पूछताछ कर रही है.

## ब्रीफ खबरें

### जिप सदस्य ने किया चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास

**निरसा।** एग्यारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत वृंदावनपुर पंचायत के वृंदावनपुर गांव मे गुरुवार को जिला परिषद मद से गांव के शिव मंदिर के निकट चाहरदीवारी निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद क्षेत्र संख्या 28 के ज़िप सदस्य बादल चन्द्र बाउरी द्वारा किया गया. कार्यक्रम में उप मुखिया बलराम रविदास, वार्ड सदस्य दिनेश हाड़ी, रोशन मिश्रा बादल गोस्वामी, रघु पांडे, अंजु चटर्जी, राजेन्द्र यादव, राजु चटर्जी, डमन गोसाई, हीरा मोदी, करण बाउरी, विनय बाउरी, सनोज रविदास, कृष्णा राय, दिनेश विश्वकर्मा, विश्वनाथ पांडे, सुनील बाउरी कृष्णा गोराई आदि ग्रामीण

### तीस टन कोयला जब्त

**तेतुलमारी:** वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में संचालित भूमि आउटसोर्सिंग पैच में गुरूवार की शाम क्यूआरटी की टीम व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर करीब तीस टन अवैध कोयला जप्त किया. छापामारी की भनक लगते ही धंधेबाज कोयला को छोड़कर मौके पर से भाग निकले. जप्त कोयले को सीआईएसएफ ने मशीन के माध्यम से उठाकर कतरास प्रबंधन को सौंप दिया. छापामारी में सीआईएसएफ के केके शर्मा,आरजी सिंह के अलावा तेतुलमारी थाना के सअनि बुद्धू उरांव आदि शामिल थे.

### फंदे से लटक कर नाई ने की आत्महत्या



**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ मांझी बस्ती में रह रहे एक नाई ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली. मृतक का नाम रामाशीष शर्मा है, जो बिहार के शेखपुरा जिले के बरौना गांव का रहने वाला था. वह पिछले 25 वर्षों से भेलाटांड़ में किराये के मकान में रह रहा था. मृतक पुलिस लाइन स्थित कुमार हेयर कटिंग सैलून में कार्य करता था. विगत सप्ताह शनिवार को वह अपने गांव से धनबाद लौटा था. वह अपने पीछे पत्नी, दो बेटे और चार बेटी छोड़ गया है. घटना की जानकारी उसके परिवार को दे दी गई है. पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके गांव ले जाया जाएगा. गरीब परिवार होने के कारण उसके परिजन गांव से धनबाद आने में असमर्थता प्रकट किया है. स्थानीय लोग शव उसके गांव ले जाने की तैयारी में जुट गए हैं.

---

#### पंडाल के अंदर दिखेगा जंगल, बांग्ला रीति-रिवाज से होगी मां दुर्गा की पूजा, हलवा-खिचड़ी का भोग

# भूली डी के पूजा पंडाल में उड़ती तितली का दीदार करेंगे श्रद्धालु

संवाददाता । भूली



भूली डी ब्लॉक (हॉस्पिटल ग्राउंड) पूजा पंडाल में इस वर्ष उड़ती हुई तितली की थीम पर बनाए जा रहे पूजा पंडाल में मां दुर्गा विराजमान होंगी. पंडाल में आकर्षक लाइट देखकर ऐसा लगेगा जैसे सचुमच तितलियां उड़ रही हो. पूरा पंडाल फाइबर का होगा. 50 फीट चौड़े एवं 45 फीट ऊंचे इस पंडाल के भीतर बनाई जानेवाली कलाकृति श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेगी. पंडाल के भीतर जंगल दिखेगा. जंगल में हरे-भरे पेड़-पौधे होंगे, जिसमें तितलियां उड़ती नजर आएगी.

पंडाल का निर्माण 2.60 लाख की लागत से किया जा रहा है. पंडाल में विद्युत सज्जा और मां की प्रतिमा आकर्षक होगी.

यहां पूजा की शुरुआत वर्ष 1978 में सकलदेव सिंह, रामलखन कुशवाहा, विश्वनाथ सोनार, आनंद पाल, हीरालाल मुखर्जी, सनातन बाउरी ने की थी.

पूजा समिति के अध्यक्ष प्रिंस कुमार पासवान ने बताया कि यहां बांग्ला रीति-रिवाज से मां की पूजा होती है. पूजा के दौरान सप्तमी से दशमी तक हलवा और खिचड़ी का भोग मां को लगाया जाता है. मां का दर्शन करने वाले हर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाता है. अष्टमी के दिन महाप्रसाद ग्रहण करने दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं.

**खास बातें**

- 2.60 लाख की लागत से बनेगा पूजा पंडाल
- विद्युत सज्जा और मां की प्रतिमा होगी आकर्षक

प्रिंस कुमार पासवान ने बताया कि पूजा का कुल बजट पांच लाख रुपए है. प्रतिमा निर्माण पर 25 हजार रुपए खर्च किया जा रहा है. विद्युत सज्जा पर 61 हजार की लागत आएगी.

पूजा कमेटी में ये हैं शामिल- अध्यक्ष प्रिंस पासवान, सचिव वासुदेव कुमार, कोषाध्यक्ष कपिल कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष दुलाल चंद डे, उपाध्यक्ष राजा कुमार, सावन कुमार, अशोक कुमार, उप-सचिव अभय कुमार, किशोर कुमार, उप कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, लोबिन कुमार, संगठन मंत्री राजू दत्ता, राजू शुक्ला, अनिल प्रसाद, सुरेश कुशवाहा, प्रभाषचंद्र सिंह, गुरुपद बाउरी समेत अन्य.

### मैथन में महिला सम्मेलन, महिलाओं के उत्थान का संकल्प

**मैथन।** मैथन के कालीपहाड़ी पंचायत भवन में गुरुवार को एनजीओ महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन एवं मुखिया बबलू चौधरी ने संयुक्त रूप से किया. सम्मेलन में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं. सम्मेलन में शामिल महिलाओं ने संगठित होकर महिलाओं के उत्थान करने और सामाजिक कार्यों में भाग लेने का संकल्प लिया. ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि महिलाएं यदि जागरूक होंगी तो घर परिवार के साथ-साथ समाज और देश का विकास होगा. इसलिए महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी है. सम्मेलन में महिलाओं ने संगठित होकर महिलाओं के उत्थान का संकल्प लिया है, जो काबिले तारीफ है. उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में मुकाम हासिल कर रही हैं, जिस पर सभी को नाज है.

---

# दुर्गा पूजा में विशेष गश्ती दल की रहेगी तैनाती

## निरसा एसडीपीओ ने थाना-ओपी प्रभारियों को दिया निर्देश

**खास बातें**

- बैंकों के आसपास विशेष चौकसी बरती जाएगी
- भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में पुलिस की होगी पेट्रोलिंग

संवाददाता । मैथन



निरसा अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों के साथ गुरुवार को एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने क्राइम मीटिंग की. इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए गए. डीएसपी बाखला ने पत्रकारों को बताया कि निरसा अनुमंडल क्षेत्रों में दुर्गापूजा के दौरान विशेष गश्तीदल एवं बाइक गश्तीदल के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था कायम रखा जाएगा. इसके अलावा बैंकों के आसपास विशेष चौकसी बरती जाएगी.भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में भी पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी हर समय गश्त लगाकर सुरक्षा का पूरा ख्याल रखेगी.जिससे शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण महौल में पूजा सम्पन्न कराया जा सके. एसडीपीओ ने बताया कि चोरी, डकैती, लूट सहित अन्य लंबित मामलों का निष्पादन के साथ-साथ दुर्गा पूजा एवं काली पूजा के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को संपन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई. उन्होंने कहा कि डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा. पूजा के दौरान अभद्र गाना का प्रयोग नहीं करने दिया जाएगा. बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मौजूद थे.

### दुर्गा पूजा में उपद्रवियों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर



**पूजा समितियों को पंडालों में सीसीटीवी लगाने का आदेश**

कतरास। दुर्गा पूजा को लेकर कतरास थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई. थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने कहा कि पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस जवान तैनात किए जाएंगे. उन्होंने पूजा समितियों के पदाधिकारियों को अपने-अपने पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने में मचार टावर कारगर रहेगा. पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी. लोगों से उन्होंने अफवाहों से बचने की अपील की. जो लोग अफवाह फैलाएंगे उनके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी. पूजा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें. मेला में उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए पुलिस सादे लिबास में तैनात रहेगी. डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. बैठक का संचालन मो. शहाबुद्दीन ने किया. मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ राकेश कुमार, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल, मुन्ना सिद्दीकी, एतराम कुरैशी, जिप सदस्य जितेश रजवार, महेश पासवान, हरि अग्रवाल, प्रिंस शर्मा, मुकेश भट्ट, श्याम किशोर कल्लू, मानसिंह, बबलू बर्मन, एनुल हक, रघुनाथ हजारी, बिल्लू चटर्जी, विजय महाजन ,सुरेन्द्र प्रसाद, रामवचन पासवान, मो. अफसर आदि उपस्थित थे.

---

# जनशक्ति दल प्रधान कार्यालय के समीप झाड़ियों में बम मिलने से सनसनी

**खास बातें**

- जमीन विवाद के बाद बढ़ा तनाव, खूनी संघर्ष की आशंका
- जन शक्ति दल और जदयू के बीच बढ़ रहा विवाद

संवाददाता । कतरास



जन शक्ति दल व जदयू समर्थकों में जमीन विवाद के बाद रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत 8 लाइन सड़क के किनारे जन शक्ति दल प्रधान कार्यालय जाने वाले मार्ग के झाड़ियों में गुरुवार को एक जिंदा बम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई बम मिलने की खबर देखते ही देखते जंगल की आग की तरह फैल गई . मामले को लेकर लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं.खबर पाकर रामकनाली ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर मौके पर पहुंचे और बम को डिफ्यूज कर दिया. इसके बाद लोगों ने राहत की सांसें ली . बताया जाता है कि आठ लेन सड़क के किनारे दल के प्रधान कार्यालय जाने वाले मार्ग की झाड़ियों की साफ-सफाई दल के सुप्रीमो सूरज महतो के भाई के द्वारा करवाई जा रही थी. तभी साफ सफाई कर रहे मजदूरों झाड़ियों में बम देख कर लोगों को जानकारी दी. देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ लग गई. मालूम हो कि बीते दिनों ओपी इलाके के उदलबनी मौजा की जमीन को लेकर जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह व जन शक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो के समर्थकों के बीच मारपीट की घटना हुई थी. इस दौरान गोली चालन की बात कही जा रही थी. घटना के बाद एक ओर जहां दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह उनके भतीजे सूरज सिंह, प्रिंस सिंह सहित अन्य पर हत्या के नियत से गोली चलने का आरोप लगाया था. वहीं दीप नारायण सिंह के भतीजे सूरज सिंह ने दल ने सूरज महतो को विशुद्ध रूप से क्रिमिनल बताते हुए कहा था कि खमारगोडा की जमीन के एवज में सूरज महतो उन लोगों से 50 लाख की रंगदारी मांगा रहे थे, नहीं देने पर जमीन का बाउंड्री वॉल तोड़ने व मारपीट की गई. बहरहाल मामला धीरे-धीरे धूल पकड़ता जा रहा है. दोनों पक्षों में एक दूसरे के खिलाफ तनाव कायम है. कभी भी दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो सकता है. इधर जिंदा बम मिलने के मामले में ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर ने कहां की जिंदा को जप्त किया गया है, तहकीकात पुलिस कर रही है.

**जमीन विवाद को लेकर जदयू व जनशक्ति दल के समर्थकों में हुई थी भिड़ंत**

### बम मिलना हत्या की साजिश को पुष्ट कर रही है : सूरज महतो

जन शक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने कहा कि हमने पहले ही अपनी हत्या की साज़िश होने की लिखित आवेदन पुलिस को दिया. अब मेरे कार्यालय के रास्ते में बम मिलना इस बात को पुष्ट कर रही है कि विरोधी मेरी हत्या की तैयारी में लग चुके हैं. कभी भी हमारी हत्या हो सकती है. पुलिस प्रशासन हमारी नहीं सुन रहा है लेकिन हम डरने वाले नहीं पूरे मजबूती के साथ जनता के साथ खड़े हैं. चाहे हमारी हत्या ही क्यों नहीं हो जाए.

---

# झरिया में महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई

संवाददाता। झरिया



झरिया मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा गुरुवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई. अग्रसेन भवन झरिया में आयोजित जयंती समारोह में मारवाड़ी समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए. विधि-विधान से महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना के बाद आरती की गई. इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया. यजमान की भूमिका में मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल थे. उन्होंने कहा कि महाराज अग्रसेन जी ने विश्व को न सिर्फ समाजवाद का संदेश दिया, बल्कि उसे जीवन में चरितार्थ करके भी दिखाया. वे अपने राज्य के हर प्रजा को व्यापार करने के लिए एक रुपये और घर बनाने के लिए एक ईट देते थे. प्रजा से वे कहा करते थे कि अपनी चिंता नहीं कर दूसरों की चिंता किया करें. दूसरों की चिंता करने से अपनी समस्याओं का समाधान खुद हो जाता है. उन्होंने कहा कि महाराज अग्रसेन जी की जयंती पर कई दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. 5 अक्टूबर को मातृ सदन अस्पताल झरिया में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा.

### गोविंदपुर में महाराजा अग्रसेन की जयंती मनी

**गोविंदपुर :** मारवाड़ी सम्मेलन गोविंदपुर में श्री अग्रसेन स्मृति भवन में महाराजा अग्रसेन की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समाज के वरिष्ठ लोगों ने दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए महाराजा अग्रसेन जी की आरती की। समाज के प्रबुद्ध जनों ने महाराज अग्रसेन की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आगामी 2 नवंबर को दीपावली मिलन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। रामप्रसाद अग्रवाल को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बनाए जाने का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी शंभूनाथ अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद सरिया, शरत दुदानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# खरखरी कोलियरी में 109 मजदूरों का धरना समाप्त

## पूर्व विधायक अरुप ने की सीएमडी से वार्ता, मांगों पर बनी सहमति

- एक माह का बकाया वेतन दुर्गापूजा से पहले देने का आश्वासन

संवाददाता । मधुबन



गोविन्दपूर एरिया तीन के खरखरी कोलियरी में 109 मजदूरों के तबादले को लेकर चल रहे संयुक्तमोर्चा का आंदोलन गुरुवार को बीसीकेयू के केंद्रीय महासचिव सह जेबीसीसीआइ सदस्य अरूप चटर्जी की सीएमडी समीरण दत्ता के साथ हुई वार्ता के बाद समाप्त हो गया. पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को खरखरी कोलियरी पीट पर भूख हड़ताल पर बैठे मजदूरों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बिहार कोलियरी कामगर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम को गोबिंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक जीसी साहा ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाया. कहा जा रहा है कि अरूप चटर्जी के साथ सीएमडी की हुई वार्ता में 109 मजदूरों को तत्काल प्रभाव से महेशपुर कोलियरी में योगदान देने तथा योगदान देने के उपरांत मजदूरों के एक माह का बकाया वेतन का दुर्गापूजा से पहले भुगतान करने पर सहमति के बाद आंदोलन को समाप्त किया गया. मालूम हो कि बीते एक माह से मजदूर संयुक्तमोर्चा के नेतृत्व में इन्हीं उपरोक्त मांगो को लेकर कोलियरी पीट पर धरना के माध्यम से आंदोलन पर बैठे हुए थे.इस मौके पर महाप्रबंधक जीसी साहा ने कहा कि कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने के लिये खरखरी कोलियरी को एमडीओ मोड में देना कंपनी की वाध्यता थी,इसलिये मजदूरों का तबादला महेशपुर किया गया है.बाकी बचे 112 मजदूरों को आवश्यक सेवाओं के लिये फिलहाल खरखरी में रखा गया है1मौके पर कोलियरी पीओ,बिजय कुमार,प्रबंधक सोमेश देवाशी,मानस चटर्जी, हलधर महतो,हरि प्रसाद पप्पू आदि लोग शामिल थे.

---

#### 30वीं जूनियर राष्ट्रीय थांग-ता चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे 14 सदस्य

# झारखंड की थांग-ता टीम ग्वालियर के लिए रवाना



संवाददाता । धनबाद

झारखंड की 14 सदस्यीय थांग-ता टीम चंबल एक्सप्रेस से ग्वालियर के लिए रवाना हो गई. यह टीम आगामी 4 अक्टूबर से लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर में आयोजित होने वाली 4 दिवसीय 30 वीं जूनियर राष्ट्रीय थांग-ता चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी. टीम में धनबाद के ऐश्वर्या प्रसाद, संचिता मुखर्जी, ज्योति कुमारी, प्रगति प्रिया, श्रेया प्रसाद रजक, आदित्या दास, युवराज कश्यप, रवि कुमार साव, साहिल सिंह, अमन कुमार, जनार्दन कुमार, रवि कुमार और पलामू के सोनम कुमारी तथा रेहान कादरी शामिल हैं. महिला कोच ममता कुमारी पांडे, सोनामोती कुमारी तथा कृष्णा कुमार साव टीम का नेतृत्व करेंगे. झारखंड थांग-ता संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी ने टीम को शुभकामनाएं दीं. यह चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और राज्य के लिए पदक जीतने की उम्मीद है.

## राजकमल विद्यालय के 6 गतका खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे प्रतिभा



धनबाद। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में खेलो झारखंड के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली एसजीएफआई खुली चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2024-25 में राजकमल विद्यालय के 6 गतका खिलाड़ी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं. विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया है. हमें उम्मीद है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे. चयनित खिलाड़ियों में पलक वर्मा, रणवीर ठाकुर, मिनमय दास, संजीव कुमार भारती, शुभम कुमार यादव और राजवीर ठाकुर शामिल हैं. ये खिलाड़ी दिसंबर में दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे. विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अधिकारी, सदस्य, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार और प्रभारियों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

# झारखंड पिकलबॉल टीम पानीपत के लिए रवाना

## 8वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लेगी भाग

संवाददाता । धनबाद

झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रभात कुमार के नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम 4 से 6 अक्टूबर तक पानीपत में आयोजित होने वाली 8वीं राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रांची से रवाना हो गई. टीम में प्रचेता वर्मा, सुचेता वर्मा बालिका वर्ग में खेलेंगी, जबकि बालक वर्ग में जीगर विश्वकर्मा, आदित्य प्रजापति, दीपक कुमार, शशि कुमार, मो. जैद, सोनू कुमार, गौरव कुमार, रेहान अहमद, मो. साहिद, चंद्र देव प्रजापति, चंदन पंडित, अभय शर्मा, प्रिंस विश्वकर्मा और आयुष कुमार अपने अपने आयु वर्ग में खेलेंगे. झारखंड पिकलबॉल संघ के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि पिछले 21 और 22 सितंबर को गोल्फ ग्राउंड धनबाद में स्टेट चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पानीपत में आठवीं राष्ट्रीय पिकलबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया था. झारखंड पिकलबॉल संघ के अधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि झारखंड के खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे.

# मिर्जागंज-बदडीहा के भक्तों ने निकाली शोभा यात्रा



संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मिर्जागंज बदडीहा के बैनर तले गुरुवार को मां दुर्गा की कलश स्थापना के मौके पर मिर्जागंज बाजार में भव्य नगर शोभायात्रा में हजारों की संख्या में माताएं, बहने, श्रद्धालु, भक्तगण, युवा, बच्चे एवं सभी अभिभावकगण धूमधाम से गाजे बाजे झंडे के साथ शोभायात्रा में भाग लिया. मिर्जागंज जगन्नाथडीह बदडीहा में पडने वाले सभी मंदिरों में जाकर के माथा टेका.

गौरतलब हो कि दुर्गा पूजा समिति मिर्जागंज-बदडीहा शारदीय नवरात्र के सभी दसों दिनों के लिए अलग-अलग दिवस में अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है. शोभायात्रा का नेतृत्व सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार साहू ने किया तथा पूजा कमेटी के सभी पदाधिकारीगण एवं स्वंय सेवक ने भाग लिया.

जिसमें मुख्य रूप से सचिव सदानंद साव, कोषाध्यक्ष संतोष साव, उपाध्यक्ष रंजन साहा, सुनील वर्मा, अशोक वर्मा, महामंत्री विजय साव, संरक्षक रामदास साव, रामचंद्र साव, भिखन साव, पंकज साव, अजय साव, डमरू साव, कुणाल साव, राजवीर साहा, राजेंद्र राम गुप्ता, प्रीयणशु साहा, मजीत कोठारी, नीरज साव आद मौजूद थे.

# कलश स्थापना के साथ नवरात्र अनुष्ठान का हुआ शुभारंभ



संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

प्रखंड के विभिन्न स्थानों में कलश स्थापना व ध्वजारोपण के साथ नव रात्र अनुष्ठान का शुभारंभ हो गया. प्रखंड स्थित काली मंडा गावां, दुर्गा मंदिर पिहरा, माल्डा, देवटन, बिरने, नगवां व जमडार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मन्दिर में कलश स्थापन व ध्वजारोपण किया गया. साथ ही साथ दुर्गापूजन की भी तैयारी जोर शोर से की जाने लगी. मन्दिर परिसर में साफ सफाई व रंग रोगन को भी अंतिम रूप दे दिया गया है.

संध्या के समय मन्दिर में दीप प्रज्वलित के लिए श्रद्धालुओं की भाड़ी भीड़ देखी जा रही है. कुछ लोगों के द्वारा व्यक्तिगत रूप से भी अपने-अपने घरों में नवरात्र अनुष्ठान रखा गया है. गायत्री परिवार के द्वारा चिह्यूटिया व पिहरा में नवरात्र अनुष्ठान का आयोजन किया गया है. नवरात्र को लेकर क्षेत्र में चहल पहल का माहौल व्याप्त है.

# शारदीय नवरात्र के पहले दिन निकली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)



शारदीय नवरात्र गुरुवार को शुरू हुआ. भक्त देवी दुर्गा की आराधना-पूजा में लीन हैं. इस विशेष अवसर पर गिरिडीह जिले के तिसरी के दुर्गा मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है. नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना से पूर्व कलश स्थापना की जाती है. बगैर कलश स्थापित किए मां के नौ रूपों की आराधना अधूरी मानी जाती है. तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंडप से गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई. कलशयात्रा में 251 महिलाएं व युवतियां माथे पर कलश लेकर मुख्य सड़क से ब्लॉक मोड़, चौक होते हुए छठ तालाब पहुंची. पंडितों के मंत्र उच्चारण के बीच कलशों में जल भर गया. इसके बाद महिलाएं व अन्य श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए वापस दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचे. मंदिर की परिक्रमा के बाद कलश स्थापन हुआ.

कलश यात्रा में मनोज यादव, किशोरी साव, संजीत सिन्हा, प्रेम अग्रवाल, पंकज साह, राहुल यादव, मुकेश प्रजापति, अजय यादव, शंकर शर्मा, आर्यन सिन्हा, नितेश सिन्हा समेत अन्य श्रद्धालु शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार घायल

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मदनशाही पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को सड़क हादसा में स्कूटी सवार युवक महाराजपूर निवासी गुड्डु अंसारी उम्र 22 गंभीर रूप से घायल हो गया. आसपास के लागों की मदद से 108 एंबलुंस से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. घायल के भाई मुन्ना अंसारी ने बताया कि गुड्डू साहिबगंज से स्कूटी से अपने घर लौट रहा था, तभी मदनशाही स्थित पेट्रोल पंप के पास स्कूटी असंतुलित होकर पलट गया.

### ट्रक की चपेट में आने से बच्ची घायल, रेफर

**साहिबगंज।** गुरुवार को बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क अंतर्गत कदमा लालमाटी स्थित ट्रक की चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गया. कदमा लालमाटी गांव के हरफान अंसारी के 12 वर्षीय पुत्री नसीमा खातून है. जानकारी के अनुसार उनकी बेटी सड़क किनारे पैदल घर की ओर जा रही थी, इसी दौरान दोनों और से ट्रक आ रहे थे. बरहेट से लिट्टीपाड़ा की ओर जा रहे ट्रक पीछे से ओवर ट्रेक करने के दौरान बच्ची ट्रक की चपेट में आ गया. जिससे बच्ची का दाहिना पैर गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया. जहां डॉक्टर चौधरी चंद्रशेखर प्रसाद चंद्र प्राथमिक उपचार किया. वहीं बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. इधर घटनास्थल से ट्रक भाग गया. पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेठ पहुंच कर मामले की छानबीन में जुड़ गई है.

### अवैध माइका खदान संचालन मामले में 3 पर केस दर्ज

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के बेलाखुट्टा में अवैध माइका खदान संचालन मामले में वन विभाग ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है. गौरतलब है कि बीते मंगलवार को बेलाखुट्टा में अवैध माइका खदान का चाल धंसने से 2 नाबालिग की मौत हो गई थी. घटना के बाद पुलिस ने एक नाबालिग का शव भी बरामद कर लिया था . लेकिन दूसरे नाबालिग का शव बरामद नहीं हो पाया था. इधर, इस मामले में वन विभाग ने खदान संचालक बेलाखुट्टा निवासी रमेश यादव पिता राधे यादव, विकास यादव, पिता राधे यादव एवं बबलू यादव पिता राजकुमार यादव पर भारतीय वन अधिनियम धारा 33 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है. इसकी पुष्टि वनपाल पवन चौधरी ने की है. कहा कि इसमें संलिप्त बाकी अन्य लोगों को भी चिन्हित कर लिया गया है. उसका भी नाम दर्ज किया जाएगा.

### दिवंगत तीरंदाज को दी गई श्रद्धांजलि

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती चौड़ा गांव में दिवंगत बाल तीरंदाज दीपक कर्मकार के श्राद्धकर्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. दीपक कर्मकार राष्ट्रीय तीरंदाज करण कुमार कर्मकार के बड़े पुत्र थे. बीते दिनों अचानक दीपक की मौत कैंसर की चपेट में आने से हो गयी थी. इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, प्रखंड प्रमुख नियोति दे, पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल, लोकेश दे, शकुर अंसारी, घनश्याम महतो, रणदेव मुर्मू, नेपाल करमाली, सुनील कपरदार, डॉ जीतलाल महतो समेत अन्य दर्जनों लोगों ने दिवंगत तीरंदाज के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया.

## रजिस्टर 2 की प्रमाणित प्रतिलिपि नहीं देने से लोग नाराज

# तिसरी-गिरिडीह मुख्य सड़क पर धरना दे जताया विरोध

**खास बातें**

- तिसरी सीओ के खिलाफ की नारेबाजी
- थाना प्रभारी के समझाने के बाद हटा जाम



संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)

तिसरी अंचल के 32 मौजा के रजिस्टर 2 की प्रमाणित प्रतिलिपि नहीं देने से नाराज़ किसान जनता पार्टी के लोगों ने गुरुवार को तिसरी - गिरिडीह मुख्य सड़क को तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई गोदाम के पास बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गए. हालांकि तिसरी थाना प्रभारी और सांसद प्रतिनिधि के समझाने पर वे लोग माने और आधे घंटे बाद जाम हटा दिया गया.

दरअसल किसान जनता पार्टी के द्वारा बीते 10 माह से तिसरी अंचल के 32 मौजा के पंजी 2 की प्रतिलिपि की मांग कर रहें हैं. इसको लेकर इनलोगों ने अंचल कार्यालय से नाजीर रशीद कटवाने के लिए शुल्क भी जमा कर दिया है बावजूद उसके विभाग अभी तक उन्हें पंजी 2 की प्रतिलिपि नहीं दे रहा है.

इसको लेकर किजपा की नीलम कुमारी, एकली हांसदा, पानो हेंब्रम, बिना बास्के समेत दर्जनों किसान जनता पार्टी के दर्जनों लोग मांदर व नगाड़े लेकर बीच सड़क पर ही बैठ गए. साथ ही तिसरी सीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

वहीं इसकी सूचना पर तिसरी के थाना प्रभारी रंजय कुमार और भाजपा जिला मंत्री मनोज यादव ने मौके पर पहुंच कर धरने पर बैठे लोगों को समझाया, जिसके बाद लोग माने और आधे घंटे के बादसड़क जाम हटाया गया. वहीं भाजपा जिला मंत्री मनोज यादव ने भी किजपा के इस मांग को जायज बताया है.उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी को रजिस्टर टू के पंजी दे देनी चाहिए.

वहीं सूत्र बताते हैं कि रजिस्टर टू की पंजी नहीं देने के पीछे भी एक बहुत बड़ा कारण है. सूत्रों का कहना है कि दरअसल जमीन को लेकर इतना घपला हुआ है कि रजिस्टर टू की पंजी सार्वजनिक होने पर कई कर्मचारी व पदाधिकारीयों का भेद खुल जाएगा. हालांकि यह तो जांच का विषय है.

इस बाबत तिसरी के सीओ अखिलेश्वर प्रसाद से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि कई लोगों ने अपनी भूमि संबंधित कागजात नहीं देने के लिए उन्हें लिखित आवेदन दिया है. वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद पंजी 2 की प्रतिलिपि दे दी जाएगी.

### सीजीएल परीक्षा रद्द कराने के लिए सड़क पर उतरे छात्र

**साहिबगंज।** हाल में ही जेएसएससी की ओर आयोजित सीजीएल की परीक्षा को तत्काल रद्द करने की मांग को लेकर राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत साहिबगंज में भी छात्र संगठनों ने आज बंद का आह्वान किया था. सुबह से ही विभिन्न छात्र संगठनों ने खासकर कॉलेज की कल्याण छात्रावास के छात्र नेताओं की अगुवाई में बड़ी संख्या में छात्र सड़कों पर उतरे और साहिबगंज के विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद करने का प्रयास किया. साहिबगंज कॉलेज के कल्याण छात्रावास से परंपरागत हथियारों एवं ढोल नगाड़ा के साथ छात्र सड़कों पर बंद करने उतरे. कॉलेज रोड, रेलवे स्टेशन परिसर, पटेल चौक और चौक बाजार इलाके में भ्रमण कर आंदोलनकारी छात्र विभिन्न खुले दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद करा दिया. इस दौरान आंदोलनकारी छात्रों ने सरकार के विरोध में नारे भी लगाए गए. छात्र नेताओं का आरोप था कि जेएसएससी के द्वारा हाल में आयोजित सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़झाला की गई है. वहीं छात्र आंदोलन को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और चौकन्ना रही. नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में पुलिस बल लगातार आंदोलनकारी छात्रों के साथ डटे रहे.

### अड़वार जमीन पर अतिक्रमण, ग्रामीणों ने किया विरोध

बिरनी (गिरिडीह)। बिरनी प्रखण्ड के अरारी पंचायत अंतर्गत मरकोडीह में गुरुवार को चमन नायक एवं ग्रामीणों के बीच जमीन विवाद को लेकर नोंकझोंक हो गई . ग्रामीण जागेश्वर साव, विष्णु साव, कैलाश साव, काशी साव, नंदो राम एवं काली राम ने बताया कि मरकोडीह मौजा के खाता न. 22/47 प्लॉट न. 200/807 रकवा 68 डिसमिल ग्रामीणों का अड़वार की जमीन है, जिसमें पूर्वजों के समय से जानवर चरते थे. इसी जमीन में छठ पूजा में पूरे गांव के लोग अपना डलिया रखते हैं, लेकिन चमन नायक फर्जी पट्टा बनाकर अपना जमीन बता रहा रहा है. यह समुदायिक जमीन से जो ग्रामीणों के काम आता है, बच्चे खेलते हैं. चमन नायक रात के अंधेरे में उस ज़मीन पर ट्रक्टर से हल जोत कर कुर्थी बुन दिया. जब ग्रामीण सुबह उधर गए तो देखा उसमें हल जोता हुआ है. देखते ही देखत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुट गए. ग्रामीणों ने बताया कि उस जमीन पर पूजा अर्चना कर पिंडा बनाया था एवं ध्वज लगया था, उसे भी चमन नायक ने तोड़ दिया, जिससे पूरे ग्रामीणों में रोष है. इधर चमन नायक ने बताया कि यह मेरा अपना जमीन है. जिसमें एसडीएम कोर्ट से मुझे आदेश प्राप्त है. हलांकि घटना की सूचना पर थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज मौके पर पहुंचे एवं मामले को शांत करवाया. प्रभारी भारद्वाज ने बताया कि मामला से सीओ को अवगत करवा दिया गया है. उन्हें नोटिस देकर कोई काम करने से मना किया जाएगा.

### बेरमो विधायक ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**कथारा।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने बेरमो विधानसभा क्षेत्र के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत चांपी पंचायत के अम्बाटोला फुटबॉल ग्राउंड और कथारा केप्टिव पावर प्लांट के बीच दामोदर नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु मद से उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास बुधवार को विधिवत रूप से किया. जहां सर्वप्रथम पूजा अर्चना की गई, उसके उपरांत बेरमो विधायक ने शिलान्यास किया . जहां बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने चांपी पंचायत में अपने द्वारा किए विकास कार्य की उपलब्धियों को गिनाया. साथ ही साथ झारखंड राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास कार्य की उपलब्धियों को गिनाया और राज्य की महिलाओं को सशक्त बनाने में किए कार्य और मंईयां सम्मान योजना पर भी हर्ष जताया. जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय पुल 14 करोड 90 लाख की लागत से निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा. मौके पर चांपी पंचायत की मुखिया रीता देवी, जिला परिषद माला कुमारी, सीताराम मूर्मू, पूर्व मुखिया श्री राम हेम्ब्रम, आनंद मुर्मू सहित गोपीनंद मुर्मू, युवा नेता विजय महतो, वार्ड सदस्य बिंदेश्वर मुर्मू, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सीताराम मुर्मू, नारायण यादव, बेरमो विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू, खेतको पंचायत मुखिया शब्बीर अंसारी सहित अन्य लोग थे.

### बीएकेएस ने मौन जुलूस निकाल दिया हड़ताल का नोटिस

**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा 19 अक्टूबर को आहूत हड़ताल के परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को मौन जुलूस निकाल कर हड़ताल का नोटिस दिया. बीएकेएस ने इसके लिए पहले मुँह पर अँगुली रखकर मौन जुलूस निकाला तथा प्रशासनिक भवन के सामने आकर औद्योगिक संबंध विभाग के सहायक महाप्रबंधक मो. आरिफ हुसैन को हड़ताल का नोटिस सौंपा. इसके साथ ही हड़ताल नोटिस की प्रति उप मुख्य श्रम आयुक्त (कें.) धनबाद, सीएलसी, डीसी, एसपी को भी भेजा गया. गौरतलब है कि सेल कर्मियों का बोनस फॉर्मूला शुरु से विवादित रहा है. मात्र तीन यूनियनों के हस्ताक्षर से कठिन गणितिय फॉर्मूला को सेल प्रबंधन द्वारा जबरदस्ती लागू किया गया. जिसके आधार पर अधिकतम 28000 रुपया बोनस राशि ही बन रही थी, चाहे प्रोडक्शन तथा मुनाफा कितना भी हो. बोनस फॉर्मूला निरस्त करने को लेकर बीएकेएस ने कई बार पत्राचार किया था. विगत 28 सितम्बर को विशाल मशाल जुलूस भी निकाला था.

### गोड्डा के कई खिलाड़ी रांची रवाना

**गोड्डा।** खेलो झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वॉलीबाल, ताइक्वांडो, तीरंदाजी के खिलाड़ी रांची रवाना हुए. प्रतियोगिता 4 और 5 अक्टूबर को खेलगांव रांची में आयोजित होनी है. ताइक्वांडो में हिमांशु राज, आसिफ इकबाल, पवन कुमार महतो, रौशन ठाकुर को शामिल होना है. कोच अभिमन्यू कुमार ने बताया कि ये चारों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक के प्रबल दावेदार हैं. तीरंदाजी की कोच नीलम कुमारी ने बताया कि पहली बार गोड्डा से तीरंदाजी स्पर्धा में बच्चे भाग लेने जा रहे हैं, लेकिन बच्चों में आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है. निश्चित ही अच्छा परिणाम आएगा. वॉलीबाल बालक के अंडर 17 आयु वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय ग्राम विश्वासखानी के बच्चे अपनी दावेदारी पेश करेंगे. दूसरी तरफ अंडर 19 आयु वर्ग में जयनारायण उच्च विद्यालय के बच्चे अपनी दावेदारी पेश करेंगे. खिलाड़ियों के साथ मैनेजर के रूप में शारीरिक शिक्षा शिक्षक सह भारोत्तोलन के राष्ट्रीय खिलाड़ी धर्मेंद्र साह भी हैं. उन्होंने कहा कि निश्चित ही तीनों स्पर्धा में मेडल की उम्मीद है. खिलाड़ियों को शुभकामना देने हेतु शारीरिक शिक्षा शिक्षक सनी भारती, नीरज कुमार सिंह, अनंत कुमार यादव, सुशील सिंह, अजय कुमार राय, महानंद यादव, संजीव रंजन, किशोर ठाकुर, जहीर आलम, गौतम कुमार उपस्थित थे.

### दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन

**ललमटिया।** एएफसी क्लब बडा सिमडा द्वारा आयोजित 40वां दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच गुरुवार को खेला गया. बडा सिमडा के फुटबॉल मैदान में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार देर संध्या हुई. प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता का फाइनल मैच जेजेएफसी सुंदरपहाड़ी की टीम व एसएससी महगामा की टीम के बीच खेला गया. जिसमें एसएससी महगामा की टीम ने जेजेएफसी सुंदर पहाड़ीपहाडी की टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया. विजेता टीम को पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने एक लाख पचास हजार नगद राशि देकर पुरस्कृत किया. वहीं उप विजेता टीम को राजमहल परियोजना के जीएम ओपी सतीश मुरारी ने एक लाख बीस हजार नगद राशि देकर पुरस्कृत किया. प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहे एफसी बड़हरवा की टीम को सांसद प्रतिनिधि सुबल मंडल ने पच्चीस हजार नगद राशि देकर सम्मानित किया तथा चौथे स्थान पर रहे एफसी रांची की टीम को भाजपा नेत्री अनिता सोरेन ने पच्चीस हजार नगद राशि देकर सम्मानित किया. मैन ऑफ द मैच के खिलाडी को पंसस कंचन देवी तथा मैन ऑफ द सीरीज प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को मुखिया सुशीला भेंगरा तथा वेस्ट गोल कीपर को 20 सूत्री अध्यक्ष सुनील मरांडी ने संत्तावना पुरस्कार देकर सम्मानित किया. फुटबॉल प्रतियोगिता में दर्शकों के मनोरंजन हेतु वेस्ट बंगाल मालदा के कलाकारों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया.

# वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने चलाया पौधरोपण अभियान



संवाददाता। बोकारो

वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने सियालजोरी, बोकारो स्थित प्लांट परिसर के अंदर और बाहर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न पहल की है. वेदांता ईएसएल के 50 कर्मचारियों ने प्राथमिक विद्यालय, अलकुशा में स्वच्छता और पौधरोपण अभियान में स्वेच्छा से भाग लिया. आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली तथा पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का प्रण लिया. जिसमें मुख्य अतिथि फिलमून बिलुंग , रोहित रजक, बबलू चौबे, श्यामली मिंज, अमल घोष तथा कुणाल दरिपा शामिल थे. इस आयोजन में एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण व आसपास 100 से अधिक पौधे लगाए गए. सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने संयंत्र और उसके आसपास स्वच्छता ही सेवा अभियान की पहल पर कहा कि हम वेदांता ईएसएल में स्वच्छता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं. स्वच्छता अब वेदांता ईएसएल संस्कृति का हिस्सा है और हमें इस पर गर्व है.

# डीपीएस की प्रधानाध्यापिका समेत दो शिक्षिकाओं को 'गार्गी मंजु सम्मान'

संवाददाता। बोकारो



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो की प्रधानाध्यापिका डॉ. सरिता गंगवार व प्राथमिक इकाई की वरीय शिक्षिका पिया रानी सेन को प्रतिष्ठित गार्गी मंजु शिक्षक सम्मान-2024 से नवाजा गया है. रांची के टेंडर हार्ट स्कूल में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन, दक्षिणी छोटानागपुर के आईजी अखिलेश कुमार झा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति बीपी सिन्हा व टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने दोनों शिक्षिकाओं को सम्मानित किया.

टेंडर हार्ट स्कूल की संस्थापक गार्गी मंजु की स्मृति में आयोजित उक्त समारोह में झारखंड, बिहार, ओडिशा व पश्चिम बंगाल के 110 विद्यालयों के 225 शिक्षकों को सम्मानित किया गया. उन्हें 11 हजार रुपए नकद, स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति पत्र व पदक देकर सम्मानित किया गया. अतिथियों ने भारत को विश्वगुरु बनाने में शिक्षकों के योगदान को सर्वोपरि बताया.

डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने गुरुवार को स्कूल की उक्त दोनों शिक्षिकाओं को इस विशेष उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं. वहीं, सम्मानित की गईं शिक्षिकाओं ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि इससे उन्हें और बेहतरी के साथ काम करने की प्रेरणा मिलेगी. उल्लेखनीय है कि गत वर्ष विद्यालय की वरीय शिक्षिका फरजाना गजाला नीलू, डॉ. रीमा गुप्ता व शिक्षक अमित कुमार सिंह को उक्त प्रतिष्ठित सम्मान मिला था.

# मिर्जागंज की दुर्गापूजा: साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल

## 129 साल पुरानी परंपरा, मुस्लिम जमींदार ने शुरू की थी पूजा, लगता है भव्य मेला

प्रमोद गुप्ता। जमुआ (गिरिडीह)



साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल है मिर्जागंज की दुर्गापूजा. यहां पर मुस्लिम जमींदार ने 129 साल पहले पूजा शुरू कराई थी. इस अवसर पर भव्य मेला लगता है.

जानकारी के मुताबिक जमुआ प्रखंड के मिर्जागंज में वर्ष 1895 में ख्वाजा मिरनजान नें अपने क्षेत्र व हिन्दू श्रद्धालुओं के लिए पूजा कराई थी . शुरुआती दौर में मिट्टी का पिंड और खपड़ैल नुमा मंदिर का निर्माण कराया गया था. पूजा में मुस्लिम जमींदार का देख देख और खर्च से किया जाता था. पूजा की जिम्मेवारी बदडीहा के भूमिहार को दी गई थी, तब से आज तक भूमिहार समाज के लोग पूजा में बैठते हैं.

बताया जाता है यहां कलश स्थापना से ही बलि देने की प्रथा रही है. जमींदारी प्रथा समाप्त होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों एव आस पास के लोगों के सहयोग से पूजा किया जाने लगा, लेकिन बाद में भव्य रूप से पूजा का आयोजन किया जाने लगा .

**यहां मांगी गई हर मन्नतें होती है पूरी**

यहां दूर दूर से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं और विधि विधान से पूजा करते हैं. गंगा- जमुनी तहजीब के मुरीद जमींदार ने पूजा के आयोजन में हर संभव सहयोग किया ,लिहाजा आज भी जमींदार की विरासत को मुस्लिम परिवार के लोग पूजा में लगने वाले मेला का शोभा बढ़ाते हैं.

बताया जाता है पहले इस मंदिर में भैसा, भेड़, बकरे की बलि दी थी, पर वर्ष 1952 - 53 में स्थानीय वैश्य समाज ने भैसे की बलि बंद करने का आग्रह ख्वाजा इफ्तिखार जान व ख्वाजा इतरतजान से की, तब से भैसा बलि बंद कर दी गयी.

वर्ष 2009 में मंदिर का भव्य रूप उद्योग पति मोहनलाल साव ने दिया. तब से आज तक उद्योगपति मोहन लाल साव के द्वारा बढ़ चढ़ कर खर्च वहन किया जा रहा है. लोगों की मान्यता है कि यहाँ मांगी गई मन्नतें पूरी होती है. जो प्रखंड ही नहीं पूरे जिला का गौरव है.

**दुर्गापूजा समिति गठित**

दुर्गापूजा सम्पन्न कराने के लिए समिति का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष रंजीत कुमार साव, सचिव सदानंद प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार साव, ड्रेस कोड दाता अशोक वर्मा, संदीप वर्मा, उपाध्यक्ष रंजन कुमार साह, व्यवस्थापक राजेश कुमार साहू, संरक्षक राजेन्द्र राम गुप्ता व नीरज कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी पंकज कुमार साव के अलावे कमिटी में कई सदस्य शामिल हैं.

**डाक सज्जा के लिए अग्रिम बुकिंग**

आस्था का केंद्र इस मंदिर में दुर्गा जी के डाक सज्जा देने वालों के लिए अग्रिम बुकिंग होती है. इस बाबत समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार साव ने बताया कि वर्ष 2065 तक डाक देने वालों के लिए बुक हो चुका है. बताया कि यहां कलश स्थापन के बाद से ही कार्यक्रम आयोजित की जाती है, जिसमें देश के कई राज्यों के कलाकार आकर यहां कार्यक्रम का शोभा बढ़ाते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**कतरास।** दुर्गा पूजा को लेकर कतरास थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई. थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने कहा कि पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस जवान तैनात किए जाएंगे. उन्होंने पूजा समितियों के पदाधिकारियों को अपने-अपने पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने में मचार टावर कारगर रहेगा. पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी. लोगों से उन्होंने अफवाहों से बचने की अपील की. जो लोग अफवाह फैलाएंगे उनके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी.

### एरिया-7 में बड़ा खाना आयोजित

**पुटकी।** पुटकी कैंप परिसर एरिया -7 में गुरुवार को बड़ा खाना का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि जियलगोड़ा सेक्टर के कमांडेंट भूपेंद्र सिंह को बुके देकर स्वागत किया गया. सभी अतिथियों का स्वागत एरिया कमांडर भूपेंद्र सिंह और उप कमांडेट ध्रुव प्रताप सिंह ने किया. बड़ा खाना में उप कमांडेंट विवेक आनंद चौधरी, आसूचना प्रभारी सहायक कमांडेंट एल गौतम, सहायक कमांडेंट भरत यादव, सहायक कमांडेंट सी विग्नेश, मैनेजर अभिराज कुमार, मुख्य चिकित्सा प्रभारी और बीसीसीएल के अधिकारी शामिल हुए.

### अग्रसेन जयंती पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा मारवाड़ी महिला समिति की ओर से गुरुवार को शाखा भवन में अग्रसेन जयंती मनाई गई. इस अवसर पर बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस व डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में 25 बच्चों ने भाग लिया. सफल बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया. मौके पर शाखा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, भगवती रुंगटा, ललिता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, सुमित्रा अग्रवाल, कुसुम खरकिया समेत समिति से जुड़ी अन्य महिलाएं मौजूद थीं.

# दो दुकान पर चोरों का हमला लाखों का सामान लेकर भागे




**संवाददाता। गोमो**

गोमो के सदानंद झा रेलवे मार्केट में बुधवार की रात चोरों ने दो दुकानों पर हमला किया। मंडल रेडीमेड ड्रेसेस नामक कपड़ा की दुकान और उसके बगल अरविंद साव की साइबर दुकान में घुसकर सात हजार नगद और लगभग तीन लाख रुपये के कपड़े चोरी कर लिए गए। गुरुवार की सुबह दुकानदार प्रवीण कुमार मंडल ने दुकान खोली तो चोरी की घटना की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि दुकान के अंदर कपड़े बिखरे हुए थे और पिछवाड़े की दीवार में बड़ा छेद बना था। चोरों ने दीवार की ईंटें निकालकर बड़ा छेद बनाया और दुकान में घुस गए। चोरों ने कीमती कपड़े जैसे पेंट, टी-शर्ट, गंजी, लेडीज सूट, साड़ी, जेकेट आदि चोरी कर लिए। दुकानदार ने बताया कि दुर्गा पूजा के लिए दुकान में कीमती कपड़े लाए गए थे, जो चोरों के हाथ लग गए। उन्होंने अनुमानित बताया कि लगभग चार लाख रुपये की चोरी होने की आशंका है। साइबर संचालक अरविंद कुमार ने बताया कि दुकान के ड्रावर में आठ हजार रुपये नगद रखे थे, जो चोरों के हाथ लग गए। सूचना मिलने पर हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल सदन बोल और उनकी टीम पहुंची और दुकान की पड़ताल कर जायजा लिया। मार्केट के चौकीदार और मार्केट के लोगों से पूछताछ कर जांच में जुटी है।

### कतरास में बाइक चोरी, शिकायत दर्ज

कतरास : कतरास थाना क्षेत्र के देवग्राम निवासी छोटेलाल महतो की हीरो स्प्लेंडर बाइक (काले रंग की), जिसका नंबर जेएच10बीजी 3775 है, बदानी स्वीट्स के बगल से चोरी हो गई। यह घटना उस समय हुई जब भुक्तभोगी राजगढ़िया मेडिकल्स के समीप अपनी बाइक खड़ी कर सामान खरीदने गया था। भुक्तभोगी ने कतरास थाने में लिखित शिकायत दी है कि जब वह वापस लौटा, तो उसकी बाइक गायब थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक को सुबह लगभग 10 बजे खड़ी की थी और जब वह दोपहर लगभग 12 बजे वापस लौटे, तो उनकी बाइक वहां नहीं थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बदानी स्वीट्स के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# ममता कुंज, महुदा में नवरात्रि पर मां दुर्गा की पूजा आरंभ



**संवाददाता। महुदा**

महुदा, कंचनपुरः झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक एवं न्यायपीठ बाल कल्याण समिति बोकारो के चेयरपर्सन शंकर रवानी ने अपने आवास में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा प्रारंभ की। पूरे विधि-विधान के साथ पुरोहित कैलाश पाण्डे द्वारा कलश स्थापना की गई। आज से नौ दिनों तक शंकर रवानी और उनकी धर्मपत्नी ममता रवानी मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करेंगे। महानवमी के दिन कन्या पूजन और हवन के साथ नवरात्रि का समापन किया जाएगा। ममता रवानी ने कहा कि पिछले बीस वर्षों से हम दोनों दंपति नवरात्रि में अपने आवास पर मां दुर्गा की अराधना करते आ रहे हैं। यह परंपरा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे हमें आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। शंकर रवानी ने कहा कि आदि शक्ति की पूजा से ही बच्चों के हित में काम करने की शक्ति मिलती है। हमारा संगठन बच्चों के कल्याण के लिए काम करता है और मां दुर्गा की कृपा से हमें इस काम में सफलता मिलती है।

### मुराईडीह दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना

**बरोरा।** झारखंड : शारदीय नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार, तीन अक्टूबर को हुई। बरोरा क्षेत्र के तमाम पूजा पंडालों, घरों और मंदिरों में कलश स्थापना के साथ माँ दुर्गा की आराधना हो रही है। बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह पंचायत में सुबह से ही भक्ति माहौल दिखना शुरू हो गया। पहले दिन मुराईडीह दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ माँ शैलपुत्री की पूजा हुई। नवरात्रि के नौ दिनों तक मुराईडीह और आसपास के ग्रामीण इस मंदिर में विश्वास रखते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और भक्ति के भाव से पूजा-अर्चना करते हैं। यह पूजा लगातार 40 वर्षों से होती आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जो भी सच्ची श्रद्धा रखते हुए माँ की दरबार आते हैं, कभी खाली नहीं लौटते। पूजा में आचार्य के रूप में गिरिडीह के बद्री पांडेय द्वारा पूजा पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जबकि यजमान शास्त्री कृष्णा पांडेय हैं। पूजा प्रभारी भोला झा, गौतम कुमार और संदीप गांधी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# अनाज वितरण में अनियमितता के खिलाफ लाभुकों का प्रदर्शन



**संवाददाता। बरोरा**

बरोरा। अनाज वितरण में अनियमितता के खिलाफ लाभुकों ने गुरुवार को निचितपुर टू पंचायत सचिवालय के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया। लाभुकों का कहना था कि पीडीएस संचालक ने जुलाई और अगस्त माह में पांच से दस किलो तक अनाज दिया, लेकिन पूरे अनाज वितरण का ऑनलाइन रिसीव कर लिया। इस मामले की लिखित शिकायत दिए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। लाभुकों ने सितंबर माह के अनाज वितरण की मांग की और चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पीडीएस दुकान और बाघमारा ब्लॉक मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। लाभुकों का कहना था कि वे महालक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित पीडीएस दुकान के लाभुक हैं। उन्हें जुलाई और अगस्त माह में कम अनाज दिया गया, लेकिन संचालक ने पूरे अनाज वितरण का ऑनलाइन रिसीव कर लिया। बाघमारा बीडीओ सुषमा आनंद ने प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधि से मोबाइल पर बात की और लिखित शिकायत मिलने के दस दिनों के अंदर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवानंद महतो, ज्योत्सना देवी, पायल देवी, नथु कुमार, लक्ष्मी देवी, उपासी देवी, उमेश कुमार, चुरामन कुम्हार, लखी देवी, खुशबू कुमारी, मोनिका देवी शामिल थीं। लाभुकों ने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेंगे और आवश्यक कार्रवाई तक धरना जारी रखेंगे।

**खास बातें**

- अगस्त माह में दिया कम अनाज, संचालक ने पूरे अनाज का लिया रिसीव

# दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्रचंडी महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**संवाददाता। महुदा**

महुदा। ऊपर देवघरा पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय रुद्रचंडी महायज्ञ सह नव निर्मित दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार की सुबह कलश यात्रा निकाली गयी. मंदिर प्रांगण से शुरू कलश यात्रा खोदो नदी के तट पर पहुंची, जहां विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर जल भरनी का रस्म पूरा कराया. जल भरने के बाद कलश यात्रा राधानगर, महुदा बाजार, आमाटांड़ होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची. पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी ने महुदा बजार में श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया. मंदिर प्रांगण पहुंचने के बाद सभी कलश मंदिर परिसर में रखा गया. इसके बाद पूजा-अर्चना शुरू हुई. महायज्ञ के पहले दिन पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, मंडप पूजन और अग्नि स्थानपन किया गया. पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. महायज्ञ के यजमान धीरन रवानी, नारायण रवानी और अन्य श्रद्धालु थे. सभी यजमान सपत्नीक अनुष्ठान में शामिल हुए. कलश यात्रा में जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह, जेएलकेएम नेता प्रदीप महतो, रुपदेव रवानी भी शामिल हुए. मौके पर पंसस महानंद रवानी, महेश्वर रवानी, रंगलाल रवानी, हुलास रवानी, मथुर रवानी, विकास चन्द्र रवानी, अनूप रवानी, डब्लू रवानी, रमेश रवानी, कपिल रजवार समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद थे.

### कुमारधुबी में निकली भव्य कलश यात्रा



**मैथन।** कुमारधुबी के शिवलीबाड़ी मुण्डाधौड़ा स्थित नव निर्मित देवी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें 551 श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुईं. कलश यात्रा में मुखिया अनामिका देवी भी शामिल हुईं .मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा जीटी रोड से कालीमण्डा, मैथन मोड़, कुमारधुबी चौक, तालडांगा होते हुए बराकर नदी घाट पहुंची. आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भराया. इसके बाद कलश को माथे पर रखकर श्रद्धालु महिलाएं पुनः देवी मंदिर पहुंची. पूजा-अर्चना कर कलश की स्थापना की गयी. शुक्रवार को भण्डारे के साथ दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन होगा

## आसनसोल

# बराकर में रेल पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान



**संवाददाता। बराकर**

बराकर । स्वच्छ भारत अभियान के तहत बराकर रेलवे पुलिस ने स्वच्छता अभियान चलाया। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आसनसोल रेल मंडल के बराकर आर पी एफ द्वारा बराकर रेलवे स्टेशन गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आरपीएफ के एस आई, एस एन मुर्मू ने बताया कि महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर यह स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। हर व्यक्ति को अपने आसपास और अपने कार्यालय में स्वच्छ वातावरण बनाकर रखना चाहिए। इससे कार्य करने में सुगमता आती है और लोगों का स्वास्थ्य भी अच्छा बना रहता है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश स्वच्छता अभियान में एकजुट है। अगर इसी तरह लोग इस अभियान में लगे रहेंगे, तो स्वच्छता अभियान का सपना जरूर साकार होगा। इस दौरान एस आई श्यामल कुमार, ए एस आई एस के तिवारी, ए एस आई राजेंद्र कुमार सहित अन्य जवान मौजूद थे।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, एक घायल

**संवाददाता। बराकर**



बराकर। बराकर आसनसोल जीटी रोड पर लक्षीपुर के पास दुर्गापुर बराकर एक्सप्रेस बस ने बाइक सवार को टक्कर मारी। घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं, कुल्टी थाना मोड़ क्लब के पास दो बाइक की जबरदस्त टक्कर में एक युवक की मृत्यु हो गई। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों ने बस को घेरकर सड़क जाम कर दी। इसके बाद लगभग एक घंटे तक जीटी रोड पर लोगों ने हंगामा किया। मौके पर स्थानीय नियामतपुर पुलिस प्रशासन ने पहुंचकर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। घायल व्यक्ति बर्नपुर का बताया जा रहा है। कुल्टी थाना क्लब रोड के सामने दो बाइक की टक्कर की घटना में स्थानीय कुल्टी रानी तालाब निवासी एमडी नसीर खान की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही एसीपी कुल्टी जावेद हुसैन कुल्टी थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी लेते हुए कुल्टी अस्पताल पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में मृतक के परिजन और स्थानीय लोग पहुंचे हुए थे। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेजा। स्थानीय लोगों ने इस तरह की घटना दोबारा न होने के लिए प्रशासन से जरूरी नियम और रोड में बंपर बैरियर लगाने का अनुरोध किया है। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने बंपर लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। स्थानीय नीता बच्चन राय ने कहा है कि लच्छीपुर जीटी रोड चार मुंह वाला मार्ग है और यह मार्ग बहुत ही ज्यादा भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है। प्रशासन को बहुत पहले इस पर ध्यान देना चाहिए था। पूजा के समय यह मार्ग और भी ज्यादा भीड़भाड़ वाला हो जाता है। मैं आशा करता हूं कि अब प्रशासन ट्रैफिक नियम के अनुसार इस मार्ग पर भी अपना ध्यान देगी।

### पुरुलिया में राशन डीलर का शव बरामद

**पुरुलिया।** पुरुलिया जिले के पाड़ा थाने के झापड़ा गांव में एक राशन डीलर का शव उसके राशन दुकान में लटकता हुआ पाया गया। मृतक की पहचान अवनि कुमार माजी (61) के रूप में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार सुबह जब दुकान खोलने के लिए गए तो अवनि कुमार माजी का शव लटकता हुआ दिखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि मानसिक अवसाद के कारण उन्होंने आत्महत्या की है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि अवनि कुमार माजी कुछ समय से कर्ज में डूबे हुए थे। इसके अलावा उनकी दुकान की हालत भी खराब थी। हालांकि, इस मामले में परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवनि कुमार माजी के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

# बराकर अग्रसेन ट्रस्ट ने मनाई अग्रसेन जयंती



**संवाददाता। बराकर**

बराकर। बराकर अग्रसेन ट्रस्ट और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने मिलकर अग्रसेन जयंती मनाई। बराकर के कल्याणेश्वरी रोड स्थित श्री अग्रसेन भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्योगपति कैलाश मंसाराम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और अन्य सदस्यों ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। महाराज अग्रसेन की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद, सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से महाराज धीराज श्री अग्रसेन जी की आरती की। महाराज अग्रसेन को अग्रवाल समाज के जनक माना जाता है, जिन्होंने व्यापारियों के राज्य की स्थापना की थी। इसलिए, व्यापारी समुदाय उनके जन्मोत्सव पर विधि-विधान से पूजा करता है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, सचिव दिलीप केडिया, और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, साथ ही महिला समिति की ओर से भी कई सदस्य मौजूद थीं।

# बीसीसीएल की महिला समिति ने असहायों में किया वस्त्र वितरण



**संवाददाता। बराकर**

बीसीसीएल की महिला समिति दीक्षा महिला मंडल दृष्टि की ओर से शिधेश्वरी मंदिर में चालीस जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र वितरण किया गया। बराकर में बीसीसीएल की महिला संगठन दीक्षा महिला मंडल के अंतर्गत दृष्टि महिला समिति द्वारा दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र, श्रृंगार के सामान तथा मिठाइयां प्रदान की गईं। प्रत्येक वर्ष पूजा के पहले बीसीसीएल की महिला संगठन सदैव आसपास के क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहती है। इसी क्रम में दुर्गा पूजा को देखते हुए दीक्षा महिला मंडल के अंतर्गत सी वी क्षेत्र बारह दृष्टि महिला समिति द्वारा बराकर शहर के बेगूनिया स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में आए हुए 40 जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी, श्रृंगार का सामान तथा मिठाइयां प्रदान की गईं। महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती शशि प्रसाद ने बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर इस तरह के सेवा कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि अभी त्योहारों का मौसम चल रहा है, दुर्गा पूजा लगभग आरंभ हो चुका है, लेकिन देखा जाता है कि कई लोग आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण नए वस्त्र तथा श्रृंगार के सामान नहीं खरीद पाते हैं। ऐसे में इन लोगों को थोड़ी सी मदद पहुंचा कर काफी खुशी हुई ताकि ये लोग भी त्योहार को भली भांति हर्षोल्लास से मना सकें। इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती समिता चक्रवर्ती, ममता कुंडू, बाना श्री बनर्जी, सुष्मिता गांगुली, श्रावणी भट्टाचार्य, सुमिता सरकार मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

**खास बातें**

- बीसीसीएल की महिला संगठन ने मनाया दुर्गा पूजा

### प्रतिबंधित पटाखों के साथ पांच गिरफ्तार

**रानीगंज।** राज्य सरकार की तरफ से तेज आवाज वाले पटाखों को प्रतिबंधित कर दिया गया है. लेकिन फिर भी कई दुकानदार इन पटाखों की बिक्री कर रहे हैं. आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से ऐसे पटाखे बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में महालया की पूर्व संध्या पर रानीगंज थाना प्रभारी विकास दत्त के नेतृत्व में रानीगंज के राजपाड़ा, बड़ाबाजार, शिव मंदिर मोड़, महावीर कोलियरी सहित विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गयी और प्रतिबंधित 65 डेसिबल वाले पटाखों को जब्त किया गया. इस सिलसिले में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया गया. वहीं महालया की सुबह रानीगंज के विभिन्न इलाकों से प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने के मामले में पुलिस ने 26 युवकों को हिरासत में लिया. हालांकि तीन घंटे बाद उन्हें छोड़ दिया गया. पुलिस की छापेमारी में तकरीबन 500 पैकेट प्रतिबंधित पटाखे जब्त किये गये. पुलिस की ओर से बताया गया कि ग्रीन पटाखों पर पाबंदी नहीं है.

# आसनसोल नगर निगम में राशन वितरण में अनियमितता की जांच शुरू






**संवाददाता। बराकर**

आसनसोल नगर निगम के नियामतपुर वार्ड 59 में स्थानीय लोगों ने मदीना खातून के सरकारी राशन दुकान पर राशन न देने का गंभीर आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि हर महीने उन्हें राशन का प्रचार अन्य जगह पर दिया जाता है और राशन मांगने पर अगले महीने आने को कहा जाता है। गुरुवार की सुबह कुछ स्थानीय भुक्तभोगियों ने नियामतपुर नबीनगर स्थित मदीना खातून सरकारी राशन दुकान के डीलर पर राशन न देने का आरोप लगाया। इस घटना की जानकारी जब स्थानीय तृणमूल नेता बच्चू राय को मिली, तो उन्होंने जमकर इसका विरोध करते हुए निंदा की। बच्चू राय ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों का पेट भरने के लिए डीलरों को रखा है, लेकिन डीलर अपना पेट भरने में लगे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित मात्रा में भुक्तभोगियों को राशन नहीं दिया गया, तो वे प्रशासन को इसकी जानकारी देकर ऐसे राशन डीलरों का लाइसेंस रद्द करने की मांग करेंगे। हंगामे के बाद नियामतपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया और राशन डीलर को सही समय पर राशन देने को कहा। अन्यथा इसकी सूचना उच्च आलाधिकारी को देकर सरकारी राशन दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। इस मामले में आसनसोल नगर निगम के मेयर जितेंद्र तिवारी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन इस मामले की जांच करेगा और दोषी पाए जाने पर राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि यदि राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करेंगे।'

